भारत के प्रमुख राजनीतिक दलों के नाम एवं उनके चुनाव चिन्ह की सूची

samanyagyan.com/hindi/gk-election-symbols-and-political-parties-in-india

भारत के प्रमुख राजनीतिक दल एवं चुनाव चिन्ह: (Major Political Parties of India and Their Symbols in Hindi)

भारत की लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के अन्तर्गत राजनीतिक दल का अत्यधिक महत्त्व है क्योंकि इस व्यवस्था के अन्तर्गत सरकारों का गठन उस राजनीतिक दल द्वारा ही किया जाता है, जो चुनाव में बहुमत प्राप्त प्राप्त करता है। लोकसभा के चुनाव में बहुमत प्राप्त करने वाला दल केन्द्र में सरकार बनाता है तथा राज्य विधानसभाओं के चुनाव में बहुमत प्राप्त करने वाला राज्यों में सरकार का गठन करता है। भारत में वास्तविक अर्थ में राजनीतिक दल का गठन 1885 में हुआ, जब कांग्रेस अस्तित्त्व में आयी। स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान कई राजनीतिक दलों का गठन हुआ, लेकिन उनका अस्तित्त्व न के बराबर रहा।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद भी क़रीब 1967 तक सम्पूर्ण भारत में कांग्रेस का ही प्रभुत्त्व रहा, लेकिन 1967 में कांग्रेस को अनेक राज्यों की की विधानसभाओं के चुनाव में बहुमत नहीं प्राप्त हुआ तथा 1977 में पाँच दलों के विलय से गठित जनता पार्टी ने कांग्रेस को केन्द्र से भी सत्ता से हटा दिया लेकिन जनता पार्टी में आपसी मतभेद के कारण कांग्रेस पुन: केन्द्र में सत्तारूढ़ हुई। वी.पी. सिंह द्वारा कांग्रेसी प्रधानमंत्री पर लगाये गये आरोप के कारण कांग्रेस दिसम्बर, 1989 से जून, 1991 तक भी केन्द्र में सत्तारूढ़ नहीं रही लेकिन जून, 1991 से मई 1996 तक पुन: केन्द्र में सत्तारूढ़ रही।

भारत के राजनीतिक दल एवं उनके चुनाव चिन्ह की सूची:

राजनीतिक दल का नाम	चुनाव चिन्ह का नाम
कांग्रेस पार्टी	पंजा (हाथ)
भारतीय जनता पार्टी	कमल
मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी	हँसिया, हथौड़ा एवं तारा
भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी	हँसिया और बाली
बहुजन समाज पार्टी	हाथी
असम गण परिषद्	हाथी
राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी	घड़ी
समाजवादी पार्टी एवं तेलुगु देशम्	साइकिल
समता पार्टी	मशाल

राजनीतिक दल का नाम	चुनाव चिन्ह का नाम
नेशनल कॉन्फ्रेंस	हल
जनता दल यूनाइटेड	तीर
शिव – सेना, अकाली दल	तीर-कमान
राष्ट्रीय जनता दल	लालटेन
अन्नाद्रमुक मुनेत्र कड़गम	दो दंपत्ती
ऑल इंडिया फॉरबर्ड ब्लॉक	शेर
मुस्लिम लीग	सीढ़ी
हरियाणा विकास पार्टी	लड़का-लड़की

इन्हें भी पढे: **भारत के राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के नाम तथा स्थापना वर्ष**

नीचे दिए गए प्रश्न और उत्तर प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। यह भाग हमें सुझाव देता है कि सरकारी नौकरी की परीक्षाओं में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। यह प्रश्नोत्तरी एसएससी (SSC), यूपीएससी (UPSC), रेलवे (Railway), बैंकिंग (Banking) तथा अन्य परीक्षाओं में भी लाभदायक है।

भारत के राजनीतिक दल - महत्वपूर्ण प्रश्न और उत्तर (FAQs):

प्रश्न: वर्ल्ड विल्डलाइफ फंड का प्रतीक चिन्ह क्या है?

उत्तर: पांडा *(Exam - SSC LDC Oct, 1998)*
प्रश्न: भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतीक चिन्ह पर कौन-सा पशु अंकित है?

उत्तर: चीता (Tiger) *(Exam - SSC CAPF Jan, 2003)*
प्रश्न: राष्ट्रीय चिन्ह के नीचे अंकित 'सत्यमेव जयते' शब्द किस ऐतिहासिक रचना से लिए गए है?

उत्तर: मुंडक उपनिषद *(Exam - SSC SOC Nov, 2003)*
प्रश्न: -ECOMARK चिन्ह किससे संम्बधित है?

उत्तर: पर्यावरण के लिए सुरक्षित वस्तुओं से *(Exam - SSC TA Dec, 2005)*
प्रश्न: लूप की पुनरावृत्ति के लिए प्रवाह संचित्र में किस चिन्ह का प्रयोग किया जाता है?

उत्तर: समांतर चतुर्भुज *(Exam - SSC CGL Aug, 2013)*
प्रश्न: 1832 में पहली बार रसायनों के लिए चिन्ह का इस्तेमाल किसने किया?

उत्तर: एडवर्ड टर्नर

You just read: Bharat Ke Pramukh Raajanetik Dalon Ke Naam Aur Unke Chunaav Chinhon Ki Suchi